वेटरनरी कॉलेज में 14 वीं युवा संसद का आयोजन, 55 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

55 मिनट तक चली युवा संसद, उठाए ज्वलंत मुद्दे

सिटी रिपोर्टर | जबलपुर

एक ओर 55 विद्यार्थियों ने कर्तव्यों की शपथ ली, तो दूसरी ओर ज्वलंत मुद्दों को उठाया। इस सभा में मिनिस्टरी टीम भी थी, तो अपोजिशन पार्टी का पलटवार भी देखने को मिला। अवसर था नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विवि में आयोजित 14 वीं युवा संसद का, जहां 55 विद्यार्थियों ने मिलकर 55 मिनट तक संसद चलाई। इस दौरान कृषि, किसानों, महिलाओं के विकास से लेकर स्वच्छता अभियान पर भी चर्चा की गई। साथ ही कृषि की आय दो-गुनी करने एवं पशुपालन के विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे खास रहे। आर-1

आभा बनी स्पीकर और कृषि मंत्री केके

वेटरनरी कॉलेज के प्रथम चक्र में चयनित होने के उपरांत राष्ट्रीय स्तर की युवा संसदीय कार्यवाही का चित्रण मंगलवार को प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में देश भर से 75 महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था, उनमें से कुल 15 महाविद्यालयों का चयन द्वितीय चक्र के लिए हुआ था। उन 15 महाविद्यालयों में वेटरनरी कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपना स्थान प्राप्त किया है। संसदीय कार्यवाही का खास प्रदर्शन 55 छात्र-छात्राओं द्वारा 55 मिनट तक प्रस्तुति करना रहा। संसदीय कार्यप्रणाली के मूल्यांकन के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय से आए अंडर सेक्रेटरी श्री राजन, रानी दुर्गावती विवि के पूर्व कुलपति सुरेश्वर शर्मा, वेटरनरी के पूर्व कुलपति डॉ.जीपी मिश्रा की उपस्थिति रही। इस दौरान विवि के कुलपति डॉ. पीडी जुयाल एवं अधिष्ठाता डॉ. आरपीएम बघेल ने छात्रों की गतिविधियों को सराहा। कार्यक्रम के निर्देशक डॉ. आरके शर्मा रहे। संसद में (स्पीकर) आभा मरारे, कृषि मंत्री केके गुप्ता एवं अन्य मंत्रियों की भूमिकाओं में साधना तिवारी, शिवानी गुप्ता, रागिनी आदि रहे। पी-5